





नवभारत

भोपाल, बुधवार 15 अप्रैल, 2026


## क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराएं : कमिश्नर

### क्षतिग्रस्त जैसाबाद पुल का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कराएं, निर्माणाधीन सड़कों का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं, बैठक में दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में निर्माणाधीन सड़कों का निर्माण तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं.**

कमिश्नर ने सागर संभाग में निर्माणाधीन सागर से छतरपुर, बरखेड़ी से लेहदरा, पवई, कटनी, बमीठा, पन्ना निर्माणाधीन मार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से मार्गों की प्रगति के संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि उक्त सभी निर्माणाधीन मार्गों का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं. कमिश्नर ने दमोह जिले के जैसाबाद मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण वर्षा काल प्रारंभ होने से पूर्व सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश देते हुए कहा कि जैसाबाद मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुल के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई न हो, इसको दृष्टिगत रखते हुए क्षतिग्रस्त पुल का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करना सुनिश्चित करें. बैठक में कमिश्नर द्वारा सागर से बरखेड़ी, सागर से छतरपुर, बरखेड़ी से लेहदरा मार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि उक्त सभी मार्गों का निर्माण तेजी से पूर्ण कराएं. बैठक में भवन निर्माण कार्यों की जिलेवार समीक्षा कमिश्नर ने की. समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने सीएम राइज स्कूलों के निर्माण की जिलेवार समीक्षा की.



समीक्षा के दौरान मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि सागर जिले में लगभग 10 सीएम राइज स्कूल पूरे हो गए हैं, जिसमें 9 सीएम राइज स्कूलों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं. उन्होंने बताया कि सागर संभाग में लगभग 61 कार्य मध्यप्रदेश भवन निर्माण निगम द्वारा कराए जा रहे हैं, जिसमें 16 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, शेष कार्य तेजी से पूर्ण कराए जा रहे हैं.

> बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग की प्रमुख नदियों में पुलों के निर्माण की जिलेवार समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि सागर संभाग में नदियों पर बनाए जा रहे पुलों के निर्माण में तेजी लाएं. बैठक में अन्य निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई.
>
> बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, राष्ट्रीय राजमार्ग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम, लोक निर्माण विभाग सहित अधिकारी शामिल थे.

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. पद्माकर सभागार में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन हुआ.**

सभागार में जनसमूह ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली से प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लाइव सुना और देखा. सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने कहा कि आज का दिन महिला सशक्तिकरण के इतिहास में दर्ज हो गया है. उन्होंने कहा आज देश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ बेटी बढ़ाओ का काम धरातल पर दिख रहा है. महिलाएं दो कुलों का आभूषण होती हैं, लेकिन अब वे घर की दहलीज लांघकर फाइटर प्लेन उड़ा रही हैं और सीमाओं की रक्षा कर रहीं हैं. विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि वर्तमान दौर महिलाओं के उत्कर्ष का काल है. उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण मिलने से हमारी बहनों को विकास के नए पंख मिलेंगे.




> पद्माकर सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम ने जिले की महिलाओं को एक नया मंच प्रदान किया, जहाँ उन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी का संकल्प भी लिया. जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा देश की माता बहनों के लिए अनेक प्रकार की योजनाओं के माध्यम से सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आगामी 16 अप्रैल से 18 अप्रैल के बीच प्रधानमंत्री के द्वारा विशेष लोकसभा सत्र का आयोजन किया जा रहा है जिसमें महिला आरक्षण के संबंध में चर्चा होगी और महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध होगी. इस दौरान जगन्नाथ गुरैया, आशालता सिलाकारी, जिपं सीईओ विवेक केवी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, एसडीएम अमन मिश्रा, महिला बाल विकास अधिकारी भरत सिंह राजपूत, आदिम जाति कल्याण विभाग की सहायक आयुक्त अदिति शांडिल्य, विजय जैन आदि मौजूद थे.



## सदस्यता अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की बैठक दो सत्रों में आयोजित हुई.**

बैठक में मुख्य अतिथि सांसद भरत कुशवाहा ने अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की आजीवन सदस्यता ग्रहण कर सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया . शिवकुमार सिंह कौशिकीय को सदस्यता अभियान का राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया गया. प्रदेश सदस्यता अभियान के प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री एड. अर्जुन पटेल नियुक्त किए गए .बैठक में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के संविधान अनुरूप आगामी कार्यक्रम तय किए गए.

## माइनिंग ऑफिसर बने

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त भूविज्ञान विभाग के पाँच एम.टेक. छात्रों का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से माइनिंग ऑफिसर पद के लिए हुआ है. माइनिंग ऑफिसर परीक्षा 2024 के लिए जारी आधिकारिक चयन सूची के अनुसार, कई उम्मीदवारों ने खनिज संसाधन विभाग में माइनिंग ऑफिसर के रूप में सफलता प्राप्त की. चयन सूची में शामिल उम्मीदवारों में आशुतोष गौतम, ऋतु पटेल, रोहित वर्मा, संजीत कुमार धुर्वे और यामिनी उइके शामिल हैं.

## डॉ . भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न प्राप्त बाबा साहब डां. भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती जैसीनगर जनपद द्वारा मनाई.**

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि बाबा साहब हमारे देश की आन-बान-शान हैं जिन्होंने हमारे देश के संविधान की रचना की जिसने हम सबको एक सूत्र में पिरो कर रखा है जिसका अनुसरण अन्य देश भी कर रहे है. कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष रामबाबू सिंह नयाखेडा, पप्पू दुबे सूखा, मुन्ना पांडे वरिष्ठ भाजपा नेता, डा. जालम अहिरवार, पुरूषोत्तम अहिरवार, डब्बू आठिया, संदीपनी विघालय के प्राचार्य सिलावट, डॉ हेंमत ठाकुर ने किया. संचालन जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष धीरज सिंह ओरिया ने किया. कार्यक्रम में नंदलाल सरपंच, रामराज सिंह ओरिया, गोरीशंकर सोनी, प्रहलाद प्रजापति, तखत सिंह सरपंच, प्रदीप दीक्षित, किशोरी लाल प्रजापति, कविन्द्र दुबे, गोलू बडोनिया मौजूद थे.



## पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न




नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. ज्ञान सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह हुआ.**

मेगा स्कॉलरशिप एवं पुरस्कार योजना में टॉप 100 विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए. प्रथम पुरस्कार के रूप में लैपटॉप, द्वितीय पुरस्कार में 02 टैबलेट, तृतीय पुरस्कार में 03 स्मार्टफोन, 30 विद्यार्थियों को स्मार्टवॉच तथा अन्य प्रतिभागियों को कॉलेज बैग पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए. डॉ. आरके जैन, प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिया. इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. रितुल सराफ, डीईओ अरविंद जैन आदि मौजूद थे.

## अवैध संबंध के शक में युवक की कुल्हाड़ी से हत्या

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. बहेरिया थाना क्षेत्र के कर्रापुर चौकी अंतर्गत कानपुर हाईवे किनारे राजा ढाबा के पास बोरे में मिले युवक के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. जांच में सामने आया है कि अवैध संबंधों के शक में युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या की गई और शव को बोरे में भरकर सड़क किनारे फेंक दिया गया.**

जानकारी के अनुसार कर्रापुर क्षेत्र में सड़क किनारे एक संदिग्ध बोरा पड़ा मिला, जिस पर खून के निशान थे. स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बोरा खोलने पर अंदर एक व्यक्ति का शव मिला, इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की. पुलिस जांच में मृतक की पहचान महेंद्र अहिरवारनिवासी ग्राम भेड़ा, बंडा के रूप में हुई, वह बकरी चराने का काम करता था. परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर संदेह जताया था.

> जांच में खुलासा हुआ कि मृतक के हरिशंकर अहिरवार की पत्नी से अवैध संबंध थे, इस बात को लेकर दोनों के बीच पहले भी विवाद हो चुका था . जानकारी के अनुसार आरोपी ने महेंद्र को सागर शहर के राजीव नगर स्थित अपने साले के घर खाने पर बुलाया, वहां खाना खाते समय अचानक कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया . पहला वार मृतक की कनपटी पर किया गया, जिससे गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई, इसके बाद चेहरे पर भी वार किए गए . हत्या के बाद आरोपियों ने शव को बोरे में भरकर लोडिंग वाहन में रखा और देर रात कर्रापुर के पास सड़क किनारे फेंक दिया . जांच में सामने आया है कि इस साजिश में आरोपी हरिशंकर के साथ उसकी पत्नी, बेटा सत्यम और साले किस्सू व गणेश अहिरवार भी शामिल थे . मुख्य आरोपी हरिशंकर हर्निया बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती है, जहां पुलिस निगरानी रख रही है . एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि हत्या अवैध संबंधों के कारण की गई है . आरोपियों की पहचान हो चुकी है और सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा . अस्पताल में भर्ती आरोपी को स्वस्थ होने के बाद हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी .

## जादू-टोना कर जेवर ठगे, थैले में मिले कागज के टुकड़े

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 14 अप्रैल.कोतवाली क्षेत्र में ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां दो शातिर युवकों ने एक महिला को अपनी बातों में फंसाकर और जादू-टोने का डर दिखाकर उसके सोने के सारे आभूषण पार कर दिए.**

पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार तालबेहट की रहने वाली गुड्डी पत्नी पंचम सिंह यादव बस द्वारा ललितपुर आई थीं. वह बस स्टैंड पर उतरीं, वहां करीब 12 और 19 वर्ष की उम्र के दो अज्ञात युवकों ने उन्हें बातों में उलझा लिया. महिला जिला अस्पताल की ओर जाने लगीं, तो दोनों युवक भी उनके पीछे-पीछे वहां तक पहुंच गए. अस्पताल के पास बैठने के दौरान युवकों ने उन पर कुछ जादू-टोना कर दिया, जिससे वह अपना होश खो बैठीं. इसी का फायदा उठाकर ठगों ने कीमती आभूषण उतरवा लिए थे.

## विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 14 अप्रैल. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने ग्राम सोमला, कनेरागोंड़, मनक्याई, महुआखेड़ा पैगवार में लगभग 15 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया.**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश में भी समाप्ति की ओर है. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि एक समय कांग्रेस सरकार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव था. गांवों में न पक्की सड़कें थीं, न पर्याप्त बिजली और न ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था. किसानों को सिंचाई के लिए रात 12 बजे खेतों में जाना पड़ता था, क्योंकि दिन में बिजली उपलब्ध नहीं होती थी. मंत्री श्री राजपूत ने ग्राम सोमला में मंगल भवन, नाली निर्माण, बाउंड्रीवाल, ग्राम मनक्याई में सीमेंट रोड, पंचायत भवन, मंगल भवन, बाउंड्रीवाल सहित 15 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया. श्री राजपूत ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बिजली की समस्या न हो इसके लिए 33 केव्ही की विद्युत लाईन का नवीनीकरण का कार्य स्वीकृत कर दिया गया है. जिससे 25 ग्रामों को फायदा होगा, बिजली की समस्या से निजात मिलेगी.






## दिव्य करुणा का पर्व मनाया गया

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. दिव्य दया की महोत्सव का आयोजन सागर धर्मप्रांत के तत्वाधान में खजूरिया गुरु में स्थित दया सागर नाम की तीर्थकेन्द में प्रभु ईसा मसीह की दिव्य करुणा का पर्व मनाया गया.**

सेवानिवर्थ धर्माध्यक्ष एवं दिव्य दया संघ के स्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु मार एंथनी चिरयथ ने ध्वज्जारोहण करके नौ दिवसीय प्रार्थना का शुभारंभ किया. वर्तमान सागर धर्माध्यक्ष मार जेम्स अथिकलम ने सबका स्वागत किया. भारत में रहने वाले हर एक व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से मध्य प्रदेश में रहने वाले हर एक धर्म के लोगों के लिए प्रार्थना की. सेवानिर्वृत धर्माध्यक्ष अन्टोनी चिरयथ के द्वारा ईश्वर से दर्शन पा कर खजूरिया प्रांत को तीर्थ केंद्र में घोषित किया गया. फादर जोस प्रकाश अपने टीम के साथ विश्व शांति और अमन के लिए प्रार्थना की गयी. फादर जोषी संचालन किया.दिव्य दया प्रेरित संघ के समन्वयक फादर साबू ने सभी सदस्यों को दिव्या दया के प्रचारक बनने को आह्वाहन किया.

## आज से होंगे साक्षात्कार

**सागर.** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसिल सागर में कार्यालय सहायक, रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं कार्यालय भृत्य के संविदा पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था जिसके अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर में उक्त तीनों पदों के लिए अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे. उक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अंतर्गत्त साक्षात्कार 15 अप्रैल 2026 से 18 अप्रैल तक प्रात: 8.30 से 10.30 बजे तक एवं शायं 5.30 बजे से 7.30 बजे तक की जानी है. अधिक जानकारी के लिए जिला न्यायालय सागर की ऑफीसियल साईट पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर के सूधना पटल पर देखी जा सकती है. अभ्यर्थी साक्षात्कार की प्रक्रिया हेतु समय पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपस्थित होवें.

## राष्ट्रीय कृषि मेला में जिले के किसान शामिल हुए

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. दशहरा मैदान, रायसेन में आयोजित राष्ट्रीय कृषि मेला उन्नत कृषि महोत्सव 2026 में उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सागर जिले के समस्त विकासखंडों से चयनित लगभग 4200 प्रगतिशील कृषकों ने सहभागिता की.**

कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन मत्स्यपालन व अन्य संबंधित विभागों की प्रदर्शनी एवं तकनीकी प्रशिक्षण राष्ट्रीय कृषि मेले में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन से संबंधित विविध प्रकार की प्रदर्शनी, प्रशिक्षण एवं तकनीकी स्टॉल लगाए गए. किसानों को यहां खेती की उन्नत एवं नवीन तकनीकों, आधुनिक कृषि यंत्रों, नवाचार आधारित कृषि मॉडल, तथा कृषि अनुसंधान आधारित तकनीकी जानकारी से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराया गया. साथ ही किसानों को फसल उत्पादन वृद्धि, कम लागत में खेती, उन्नत बीज प्रबंधन, संतुलित उर्वरक उपयोग, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, तथा आधुनिक कृषि मशीनों के व्यावहारिक प्रयोगों की जानकारी भी दी गई.

कृषि विभाग सागर द्वारा जिले से किसानों को तीन दिनों में राष्ट्रीय कृषि मेले में सहभागिता हेतु भेजा गया, जिले से मेले में जाने वाले किसानों की सुविधा हेतु भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए कृषि विभाग द्वारा वर्ग-दो अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त कर दायित्व सौंपा गया. राष्ट्रीय कृषि मेले में किसानों को अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान केंद्रों तथा प्रतिष्ठित संस्थानों भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं कृषि से संबंधित विभागों के स्टॉल का अवलोकन कराया गया.



## रेंजर और क्लर्क 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़े गए

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. लोकायुक्त पुलिस संभाग सागर के द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी और एक कर्मचारी को 50 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार जय सिंह राजपूत पिता भूरे सिंह राजपूत निवासी ज्योतिनगर शिव शक्ति मंदिर के पास, मकरोनिया आवेदक एवं उसके रिश्तेदारों के जमीन पर लगे वृक्ष को कटाई उपरांत डिपो सिरोंजा हेतु ले जाने के लिए सत्यापन उपरांत टीपी की आवश्यकता थी. वन परिक्षेत्र अधिकारी विकास सेठ एवं कार्यालय में पदस्थ क्लर्क जयप्रकाश तिवारी द्वारा आवेदक की कटी हुई वन उपज का सत्यापन कर टीपी जारी करने के एवज में एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी आवेदक के द्वारा लोकायुक्त कार्यालय सागर उपस्थित होकर आवेदन पत्र दिया गया. आवेदन पत्र का सत्यापन किया गया शिकायत सत्यापन उपरांत उक्त अनावेदकगणों को लोकायुक्त दल द्वारा 50000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों लोकायुक्त पुलिस द्वारा पकड़ा गया.



## माइक्रोस्कोपी पर कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने और वैश्विक पटल पर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने के लिए, उन्नत अनुसंधान केंद्र के द्वारा कन्फोकल लेजर स्कैनिंग माइक्रोस्कोपी पर हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया.**

उन्नत अनुसंधान केंद्र की मुख्य समन्वयक, प्रो. श्वेता यादव की पहल पर सी.ए.आर. में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है. डॉ. विवेक पांडे ने ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी. डॉ. प्रियोनील बासु के द्वारा जूलॉजी, बॉटनी, फॉरेंसिक साइंस, मटेरियल साइंस आदि विषयों में रिसर्च के लिए सी.एल.एस.एम. की उपयोगिता पर जानकारी प्रदान की गई. शिवप्रकाश सोलंकी द्वारा सीएलएसएम के हार्डवेयर भाग और इसके सहायक उपकरणों के संक्षिप्त परिचय के साथ शुरू हुआ. डॉ. बासु ने प्रतिभागियों की रुचि के क्षेत्र से संबंधित प्रश्नों पर विचार किया एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया.



## सीएम के प्रस्तावित सागर प्रवास की तैयारियां तेज

नवभारत न्यूज

**सागर 14 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित सागर ( नरयावली ) आगमन को लेकर नवागत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल नरयावली सांदीपनि विद्यालय पहुंचीं. 18 अप्रैल को होने वाले इस महत्वपूर्ण दौरे की तैयारियों की समीक्षा करने श्रीमती पाल ने आयोजन की रूपरेखा तय करने के साथ-साथ अधिकारियों को निर्देश दिए.**

मुख्यमंत्री के इस दौरे का मुख्य आकर्षण नरयावली स्थित सांदीपनि विद्यालय के भवन का लोकार्पण है. लोकार्पण समारोह के साथ-साथ मुख्यमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित कर सकते हैं, जिसकी व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक के रूट चार्ट को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए. कार्यक्रम में आने वाले आम नागरिकों, विशिष्ट अतिथियों और मीडिया कर्मियों के लिए अलग-अलग बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया. गर्मी के मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, छाया (शेड) और मेडिकल टीम की तैनाती के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं पीएचई एवं नगर निगम को पाबंद किया गया. मंच, विद्युत बैकअप और साउंड सिस्टम आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए.



> कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट किया कि सभी तैयारियां 17 अप्रैल की शाम तक अनिवार्य रूप से पूर्ण हो जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, मुख्यमंत्री का आगमन और सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण क्षेत्र के बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है. इस अवसर पर कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले के साथ कार्यक्रम स्थल का मुआयना भी किया. पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से निगरानी शुरू कर दी है ताकि कार्यक्रम निर्विघ्न और सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके. इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, एसडीएम अमन मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अरविंद जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.